distribution system so as to maintain generation at high level.

मध्य प्रदेश के सूखाग्रस्त क्षेत्रों को रियायती दर पर बिजली उपलब्ध कराना

1001. **श्री अजीत जोगी :**
चौधरी हरि सिंह :

क्या विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार मध्य प्रदेश के सूखाग्रस्त क्षेत्रों को केन्द्रीय ग्रिड से रियायती दर पर बिजली देने का विचार रखती हैं; और

(ख) यदि हां, तो मध्य प्रदेश को दी जाने वाली बिजली की संभावित मात्रा क्या होगी और कितने समय तक दी जायेगी ?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी. वी. रंगैया नायडू) : (क) जी, नहीं।

(ख) उपर्युक्त (क) के उत्तर को ध्यान में रखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में बिजली का उत्पादन

1002. **श्री अजीत जोगी :** क्या विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में वर्ष 1990-91, 1991-92 के दौरान और वर्ष 1992-93 में आज की तारीख तक कुल कितनी बिजली उत्पादित की गई;

(ख) इन दोनों राज्यों में उपर्युक्त अवधि के दौरान प्रति मेगावाट बिजली उत्पादन पर कितना व्यय हुआ; और

(ग) क्या इन राज्यों में विद्युत की कमी को पूरा करने के लिए कुछ नई परियोजनायें स्वीकृत की जा रही हैं; यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी. वी. रंगैया नायडू) : (क) वर्ष 1990-91, 1991-92, 1992-93 तथा 1993-94 (जून, 1993 तक) के दौरान उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में कुल उत्पादित ऊर्जा इस प्रकार है :-

(आंकडे . मि. यू. में)।

	1990-91	1991-92	1992-93	1993-94 (जून 93 तक)
उत्तर प्रदेश . . .	38288	43916	47266	11917
मध्य प्रदेश . . .	29540	32865	33034	8536

(ख) अपेक्षित सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी।

(ग) उत्तर प्रदेश तथा मध्य प्रदेश में विद्युत की कमी को पूरा करने हेतु निम्नलिखित विद्युत परियोजनायें आरम्भ की

गई हैं जिन्हें 8वीं योजना के दौरान चालू किए जाने की सम्भावना है :—

परियोजना का नाम		क्षमता (मे.वा.)
उत्तर प्रदेश :		
1. सोबला (एच)		6.00
2. मनेरी –2 (एच)		304.00
3. श्रीनगर (एच)		165.00
4. राजघाट (एच)		22.50
5. अनपारा 'बी' (टी)	1000.00	..
6. टाण्डा यूनिट–4 (टी)	110.00	..
जोड़ :	1110.00	497.50

मध्य प्रदेश :

परियोजना का नाम		क्षमता (मे०वा०)
1. तांबा (एच)	12.00	12.00
2. हसदेव गांगो (एच)	..	120.00
3. बाणसागर टोन्स (एच)	..	90.00
4. राजघाट (एच)	..	22.50
5 संजय गांधी यूनिट 1 एवं 2 (टी)	420.00	..
6. संजय गांधी यूनिट 3 एवं 4 (टी)	420.00	..
7 मेंच (टी)	420.00	..
8. बाणसागर टोस–4 (टी)	..	20.00
जोड ( )मध्य प्रदेश)	1272.00	264.50

एच—हाइड्रो

टी—थर्मल